# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार


विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4960, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS-LSBA/Estt/53/17/180 दिनांक: 06.06.18

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०**
प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
मुंगेर एवं पटना।

**विषय:** **दिनांक 11.06.2018 को जिला समन्वयकों के अनुबंध नवीकरण (Performance Appraisal) किये जाने के संबंध में।**

**प्रसंग:** **कार्यालय पत्रांक BRLPS-LSBA/Estt/53/17/575 दिनांक 05.01.2018, पत्रांक BRLPS/LSBA-Estt/53/117/567 दिनांक 03.01.2018 एवं ग्रामीण विकास विभाग का पत्रांक 330769 दिनांक 30.10.2017.**

महाशय,

उपरोक्त विषयक और प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में सूचित करना है कि दिनांक 08.06.2018 को आपके जिले में कार्यरत जिला समन्वयक का 'अनुबंध नवीकरण' हेतु राज्य स्तर पर Performance Appraisal की तिथि निर्धारित की गयी है।

जिसमें संबंधित जिले के जिला समन्वयक, निर्धारित प्रारूप में अद्यतन प्रतिवेदन (2016-17 एवं 2017-18) के साथ अपने कार्य उपलब्धि विवरण का उल्लेख करते हुए सक्षम प्राधिकार से अनुशंसित प्रति लेकर राज्य कार्यालय, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, विद्युत भवन, पटना में भौतिक रूप से दिनांक 11.06.2018 को अपराह्न 02:30 बजे उपस्थित होंगे।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि कृपया दिनांक 11.06.2018 को संबंधित जिला समन्वयकों को राज्य स्तरीय Performance Appraisal में भाग लिये जाने हेतु अपने स्तर से आदेशित करते हुए उन्हें विरमित किये जाने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन

6/6/18

(राजीव कुमार सिंह)

प्रतिलिपि: जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, मुंगेर एवं पटना को सूचनार्थ एवं यह निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को विहित प्रपत्र के साथ समयानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि: उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, मुंगेर एवं पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि: सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

(राजीव कुमार सिंह)